238

राजस्थान सरकार
वन विभाग

क्रमांकः प.3(8)वन / 2012 जयपुर, दिनांकः 09.04.2013

## अधिसूचना

वन्यजीव (सुरक्षा) अधिनियम, 1972 (1972 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या–53) की धारा 38V की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की अभिशंषा एवं सम्बद्ध ग्राम सभा तथा विशेषज्ञ समिति से परामर्श उपरान्त राज्य सरकार एतद् द्वारा अनुसूची–I(अ) मे वर्णित वन एवं राजस्व क्षेत्र (41717.188 है0) एवं I(ब) में वर्णित वन एवं राजस्व क्षेत्र (34282.274 है0) कुल क्षेत्र 75999.462 हैक्टेयर को मुकन्दरा हिल्स व्याघ्र आरक्षिति (Tiger Reserve) घोषित करती है। उक्त मुकन्दरा हिल्स व्याघ्र आरक्षिति में से अनुसूची–I(अ) में वर्णित क्षेत्र को व्याघ्र संरक्षण के प्रयोजनार्थ अक्षत क्षेत्र रखे जाने के लिए "क्रान्तिक व्याघ्र निवासी क्षेत्र" (Critical Tiger Habitat) तथा इसके चारों ओर, अनुसूची–I(ब) में वर्णित क्षेत्र, जिसका उद्देश्य वन्यजीव और मानव क्रियाकलापों के बीच स्थानीय व्यक्तियों के जीविकोपार्जन, विकास, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की सम्यक् मान्यता के साथ सह अस्तित्व का संवर्धन करना है, को "मध्यवर्ती क्षेत्र" (Buffer Area) घोषित करती है। क्रान्तिक व्याघ्र निवासी क्षेत्र की सीमाऐं अनुसूची–II(अ) में तथा मध्यवर्ती क्षेत्र की सीमाऐं अनुसूची–II(ब) में वर्णित हैं। उक्त "क्रान्तिक व्याघ्र निवासी क्षेत्र" (Critical Tiger Habitat) एवं "मध्यवर्ती क्षेत्र" (Buffer Area) को भविष्य मे मुकन्दरा हिल्स व्याघ्र आरक्षिति (Mukandra Hills Tiger Reserve) के रूप मे जाना जावेगा।

मुकन्दरा हिल्स व्याघ्र आरक्षिति (Mukandra Hills Tiger Reserve)

अनुसूची–I(अ)
"क्रान्तिक व्याघ्र निवासी क्षेत्र" (Critical Tiger Habitat)
जिला–कोटा
वन क्षेत्र

| क्र. स. | वनखण्ड का नाम | वन मण्डल | वन का प्रकार | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चान्दबावडी | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 3132.648 |
| 2 | कोलीपुरा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 458.600 |
| 3 | रूपपुरा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 216.168 |
| 4 | फूटा (कम्पार्टमेंट सं0 23,32) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 223.40 |
| 5 | नीम का खेडा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 106.936 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | कालाकोट | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 276.168 |
| 7 | श्योदानपुरा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 38.296 |
| 8 | सांकड | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 50.00 |
| 9 | बोरकुंई | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 284.904 |
| 10 | बगचाच | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 1064.208 |
| 11 | केशरा झुमकिया | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 154.328 |
| 12 | करौंदी | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 100.968 |
| 13 | कन्झार | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 56.928 |
| 14 | गिरधरपुरा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 667.304 |
| 15 | बुर्जवाली चौकी | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 1561.512 |
| 16 | डोलिया (कम्पार्टमेंट सं0 61-68,70-73) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 1881.300 |
| 17 | दामोदरपुरा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 2450.488 |
| 18 | दर्रा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 625.944 |
| 19 | मनोहरपुरा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 1400.648 |
| 20 | घाटोली | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 762.080 |
| 21 | अमझार–(ए) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 45.424 |
| 22 | बुर्जवाली चौकी | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 63.74 |
| 23 | बोराबास | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 3018.008 |
| 24 | लोहडूंगरी (आंशिक) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 525.00 |
| 25 | थोलनपुर | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 635.016 |
| 26 | मशालपुरा–ए (आंशिक) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 1196.184 |
| 27 | खीमच–बी (आंशिक) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 1274.748 |
| 28 | अकेलगढ़ (आंशिक) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 775.00 |
| | | | **योगः–** | **23045.948** |

## जिला–कोटा

### राजस्व क्षेत्र

| क्र. स. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत | तहसील | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खड़ली बावरी | भंवरिया | लाड़पुरा | 12.79 |
| 2 | रूपपुरा | बोराबास | लाड़पुरा | 69.54 |
| 3 | लक्ष्मीपुरा | भंवरिया | लाड़पुरा | 15.84 |
| 4 | गिरधरपुरा | डोलिया | लाड़पुरा | 634.60 |
| 5 | दामोदरपुरा | भंवरिया | लाड़पुरा | 88.58 |
| 6 | कोलीपुरा | बोराबास | लाड़पुरा | 40.57 |
| 7 | मुकन्दरा (दरा गॉव) | पीपल्दा | रामगंजमंडी | 96.08 |
| 8 | अखावा (भुकी) | बोराबास | लाड़पुरा | 165.83 |
| 9 | घाटी | कुकड़ाखुर्द | रामगंजमंडी | 74.00 |
| | | | **योगः–** | **1197.83** |

## जिला–बून्दी

### वन क्षेत्र

| क्र. स. | वनखण्ड का नाम | वन मण्डल | वन का प्रकार | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुडा राजपुरा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 3014.528 |
| 2 | अम्बा रानी | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 6745.920 |
| | | | **योगः–** | **9760.448** |

## जिला–बून्दी

### राजस्व क्षेत्र

| क्र.स. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत | तहसील | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रोजा का तालाब | धनेश्वर | बून्दी | 0.00 |
| 2 | जवाहर सागर | जवाहर सागर | बून्दी | 0.00 |
| | | | **योगः–** | **0.00** |

## जिला–झालावाड़

### वन क्षेत्र

| क्र. स. | वनखण्ड का नाम | वन मण्डल | वन का प्रकार | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मशालपुरा–ए आंशिक | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 411.316 |
| 2 | मशालपुरा–बी (आंशिक) (कम्पार्टमेंट सं0 49,50,53, 56–63) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 2476.60 |
| 3 | खीमच–बी | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 181.248 |
| | | | **योगः–** | **3069.164** |

## जिला–झालावाड़
### राजस्व क्षेत्र

| क्र. स. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत | तहसील | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मशालपुरा | गागरोन | झालरापाटन | 147.00 |
| 2 | नारायणपुरा | गागरोन | झालरापाटन | 37.00 |
| | | | योगः– | **184.00** |

## जिला–चित्तौड़गढ़
### वन क्षेत्र

| क्र. स. | वनखण्ड का नाम | वन मण्डल | वन का प्रकार | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कानिया तालाब (आंशिक) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 145.00 |
| 2 | पीर मगरा (आंशिक) | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 3295.00 |
| 3 | मदार चौक | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 401.027 |
| 4 | बालापुरा | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 289.491 |
| 5 | भैंसरोड़गढ़ | उप वन संरक्षक, वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 180.00 |
| | | | योगः– | **4310.518** |

## जिला–चित्तौड़गढ़
### राजस्व क्षेत्र

| क्र. स. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत | तहसील | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बा रानी | भैंसरोड़गढ़ | रावतभाटा | 37.21 |
| 2 | नोसेरा | श्रीपुरा | रावतभाटा | 29.07 |
| 3 | भैंसरोड़गढ़ | भैंसरोड़गढ़ | रावतभाटा | 83.00 |
| | | | योगः– | **149.28** |

**"क्रान्तिक व्याघ्र निवासी क्षेत्र" (Critical Tiger Habitat) का विवरण**

| | |
|---|---|
| वन क्षेत्र : | 40186.078 हैक्टेयर |
| राजस्व क्षेत्रः | 1531.110 हैक्टेयर |
| योगः | 41717.188 हैक्टेयर |

अनुसूची– I(ब)

"मध्यवर्ती क्षेत्र" (Buffer Area)

जिला–कोटा

वन क्षेत्र

| क्र.स. | वनखण्ड का नाम | वन मण्डल | वन का प्रकार | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मशालपुरा–ए (आंशिक) (कम्पार्टमेंट सं0 1–24,37–49) | उप वन संरक्षक, कोटा | आरक्षित वन | 7282.570 |
| 2 | मशालपुरा–बी (आंशिक) (कम्पार्टमेंट सं0 1–17) | उप वन संरक्षक, कोटा | आरक्षित वन | 4537.870 |
| 3 | लोह डूंगरी | उप वन संरक्षक, कोटा | आरक्षित वन | 488.800 |
| 4 | राडी डन्ड | उप वन संरक्षक, कोटा | रक्षित वन | 2593.157 |
| 5 | फूटा (कम्पार्टमेंड सं0 -7,12-22,24-31) | उप वन संरक्षक, कोटा | आरक्षित वन | 3107.500 |
| 6 | डोलिया (कम्पार्टमेंट सं0 -31-35,37-43,46-51,57-60,69) | उप वन संरक्षक, कोटा | आरक्षित वन | 3617.900 |
| 7 | अमझार – बी | | | 116.128 |
| | | | योगः– | **21743.925** |

जिला–कोटा

राजस्व क्षेत्र

| क्र.स. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत | तहसील | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चांद बावड़ी | डोलिया | लाड़पुरा | 19.98 |
| 2 | जसपुरा (नया गांव) | डोलिया | लाड़पुरा | 116.17 |
| 3 | हरिपुरा (गैर आबाद) | डोलिया | लाड़पुरा | 86.32 |
| 4 | केशोपुरा | भंवरिया | लाड़पुरा | 26.38 |
| 5 | मन्दरगढ़ | भंवरिया | लाड़पुरा | 423.53 |
| 6 | रेल (गैर आबाद) | भंवरिया | लाड़पुरा | 67.35 |
| 7 | केलाश नगरी | दान्ता | सांगोद | 0.00 |
| | | | योगः– | **739.73** |

जिला–झालावाड़

वन क्षेत्र

| क्र.स. | वनखण्ड का नाम | वन मण्डल | वन का प्रकार | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मशालपुरा–ए (कम्पार्टमेंट सं0 25–36) | उप वन संरक्षक, झालावाड़ | आरक्षित वन | 692.23 |
| 2 | मशालपुरा–बी (कम्पार्टमेंट सं0 18–48,51,52,54,55) | उप वन संरक्षक, झालावाड़ | आरक्षित वन | 6027.80 |
| 3 | लक्ष्मीपुरा | उप वन संरक्षक,वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 103.448 |
| | | | योगः– | **6823.478** |

जिला–झालावाड़

राजस्व क्षेत्र

| क्र.स. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत | तहसील | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोरकुँवा (कानपुरा का मजरा) | गगरोन | झालरापाटन | 8.16 |
| 2 | हरिपुरा डांडिया | गगरोन | झालरापाटन | 148.00 |
| 3 | गोल बाव | गगरोन | झालरापाटन | 0.00 |
| 5 | गागरोन | गगरोन | झालरापाटन | 320.00 |
| 6 | लक्ष्मीपुरा प्रेमपुरा | गगरोन | झालरापाटन | 288.30 |
| 7 | नोलाव | गगरोन | झालरापाटन | 113.00 |
| 8 | कोथला घाटी | गगरोन | झालरापाटन | 113.00 |
| | | | योगः– | **990.46** |

जिला–चित्तौड़गढ़

वन क्षेत्र

| क्र.स. | वनखण्ड का नाम | वन मण्डल | वन का प्रकार | क्षेत्रफल (हैक्टर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कान्या तलाब | उप वन संरक्षक, चित्तौड़गढ़ | आरक्षित वन | 2398.000 |
| 2 | पीर मगरा (कम्पार्टमेंट सं0 -23, 27,28) | उप वन संरक्षक,वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 320.00 |
| 3 | भैंसरोड़गढ़ 'बी' | उप वन संरक्षक,वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 17.00 |
| 4 | श्रीपुरा ए,बी,सी | उप वन संरक्षक,वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 425.00 |
| 5 | खालगॉव ए–बी | उप वन संरक्षक,वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | रक्षित वन | 124.681 |
| 6 | भुजर | उप वन संरक्षक,वन्यजीव, मु.रा.उ., कोटा | आरक्षित वन | 700.00 |
| | | | योगः– | **3984.681** |

**मध्यवर्ती क्षेत्र (Buffer area) का विवरण**

वन क्षेत्र : 32552.084 हैक्टेयर
राजस्व क्षेत्र : 1730.190 हैक्टेयर

योग : 34282.274 हैक्टेयर

महायोग : 75999.462 हैक्टेयर

## अनुसूची–II(अ)

### (मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व के क्रान्तिक व्याघ्र निवासी क्षेत्र का सीमा विवरण)

उत्तरी सीमा :–

ऐरू नदी के उत्तरी छोर से जहां वन खण्ड अम्बारानी की सीमा प्रारम्भ होती है, से वन खण्ड अम्बारानी की उत्तरी सीमा के सहारे–सहारे, जिला बूंदी एवं कोटा की सीमाओं के मिलान बिन्दु से होते हुऐ चम्बल नदी के किनारें तक, जो जवाहर सागर अभयारण्य की सीमा भी है। तत्पश्चात चम्बल नदी के विपरीत किनारें तक तथा किनारे के लम्बवत चलते हुए राष्ट्रीय घड़ियाल अभयारण्य की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात राष्ट्रीय घड़ियाल अभयारण्य की सीमा, जो अकेलगढ़ वन खण्ड में से होकर गुजरती है, पर चलते हुए तथा घड़ियाल अभयारण्य के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुऐ गैपरानाथ के नाले तक। तत्पश्चात राष्ट्रीय घड़ियाल अभयारण्य की सीमा के सहारे–सहारे, जो लोह डूंगरी वन खण्ड में से होकर गुजरती है तथा मुकन्दरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान की सीमा भी है, वन खण्ड बोराबास की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड बोराबास की उत्तर–पूर्वी सीमा पर चलते हुये कोटा–बोराबास जाने वाले रास्ते तक, बोराबास वन खण्ड को सम्मिलित करते हुऐ तथा ग्राम बोराबास को बाहर निकालते हुये। तत्पश्चात बोराबास से चांदबावड़ी जाने वाले मार्ग जो फायर लाईन भी है तथा वन खण्ड चांदबावड़ी की सीमा भी है, के सहारे–सहारे, वन खण्ड फूटा के कम्पार्टमेंट संख्या 23 की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात कम्पार्टमेन्ट संख्या 23 की उत्तरी सीमा पर चलते हुए तथा उक्त कम्पार्टमेन्ट को सम्मिलित करते हुऐ वनखण्ड चांदबावड़ी की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड चांदबावड़ी की सीमा के सहारे–सहारे, वनखण्ड फूटा के कम्पार्टमेन्ट संख्या 32 की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात उक्त कम्पार्टमेन्ट की उत्तर–पूर्वी सीमा पर चलते हुए तथा उक्त कम्पार्टमेन्ट को सम्मिलित करते हुए ग्राम चांदबावड़ी की राजस्व सीमा के मिलान बिन्दु तक, जो कि मुकन्दरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान की सीमा भी है, तक। तत्पश्चात वन खण्ड फूटा के कम्पार्टमेंट संख्या 32 की दक्षिणी–पश्चिमी सीमा पर चलते हुऐ ग्राम चांदबावड़ी एवं ग्राम हरीपुरा (गैर आबाद) की राजस्व भूमि बाहर करते हुऐ तथा ग्राम अखावा की राजस्व भूमि को सम्मलित करते हुऐ वन खण्ड केसरा झूमकिया की उत्तरी सीमा के मिलान बिन्दु तक। वन खण्ड केसरा झूमकिया की उत्तरी सीमा के मिलान बिन्दु से उक्त वन खण्ड की उत्तरी सीमा के सहारे–सहारे वन खण्ड डोलिया के कम्पार्टमेंट संख्या 73,72,71,70,68,61 की उत्तरी सीमा के सहारे–सहारे, उक्त कम्पार्टमेंटो को सम्मिलित करते हुए, वन खण्ड दामोदरपुरा की उत्तरी सीमा तक। तत्पश्चात वन खण्ड दामोदरपुरा की उत्तरी बाहरी सीमा पर चलते हुऐ वन खण्ड दामोदरपुरा को सम्मिलित करते हुए वन खण्ड दरा की उत्तरी सीमा तक, वन खण्ड दरा को सम्मलित करते हुऐ, वन खण्ड मशालपुरा–ए के कम्पार्टमेंट संख्या 50 की उत्तरी सीमा के मिलान बिन्दु तक, जो मुकन्दरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान की सीमा भी है। तत्पश्चात मशालपुरा–ए के कम्पार्टमेंट संख्या 50,51,52,53 व 54 की उत्तर–पूर्वी सीमा पर चलते हुऐ तथा उक्त कम्पार्टमेंटों को सम्मिलित करते हुए मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेंट संख्या 49 के मिलान बिंदू तक, जो दर्रा अभयारण्य की सीमा भी है। तत्पश्चात वन खण्ड मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेंट संख्या 49,50,53,55 व 56 की उत्तर–पूर्वी सीमाओं के सहारे–सहारे उक्त कम्पार्टमेंटो को

सम्मिलित करते हुऐ काली सिन्ध नदी के मिलान बिन्दु तक, जो दरा अभयारण्य की सीमा भी है।

**पूर्वी सीमा :–**

वनखण्ड मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेंट संख्या 56 की उत्तरी सीमा जो काली सिन्ध नदी के किनारें पर मिलती है, से नदी के किनारें–किनारें कम्पार्टमेंट संख्या 56 एवं 57 की पूर्वी सीमा तक, उक्त कम्पार्टमेन्टों को सम्मिलित करते हुए, जो कि दरा अभयारण्य की सीमा भी है।

**दक्षिणी सीमा :–**

काली सिंध नदी तथा वन खण्ड मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेंट संख्या 57 की दक्षिणी सीमा के मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर उक्त वनखण्ड के कम्पार्टमेंट संख्या 57,63 व 58 की दक्षिणी–पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे तथा उक्त कम्पार्टमेन्टों को सम्मिलित करते हुऐ, ग्राम गागरोन, कोथला घाटी, नोलाव एवं ग्राम लक्ष्मीपुरा उर्फ प्रेमपुरा को एवं उनकी राजस्व भूमि को व वनखण्ड लक्ष्मीपुरा को बाहर करते हुए, वन खण्ड मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेंट न. 61 एवं 62 की बाहरी पूर्वी सीमा के सहारे–सहारे आहू नदी तथा कम्पार्टमेन्ट संख्या 62 की दक्षिण–पश्चिमी सीमा के मिलान बिन्दु तक। कम्पार्टमेन्ट संख्या 62 की दक्षिणी सीमा तथा आहू नदी के मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर वनखण्ड मशालपुरा–बी की दक्षिण–पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे, वनखण्ड खीमच–बी की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड खीमच–बी को सम्मिलित करते हुए उक्त वनखण्ड की दक्षिणी–पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे उक्त वनखण्ड के कम्पार्टमेन्ट संख्या 9 की दक्षिणी सीमा के अन्तिम बिन्दु तक, जो दरा अभयारण्य की सीमा भी है। तत्पश्चात कम्पार्टमेन्ट संख्या 9 की पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे, वनखण्ड अमझार–बी को बाहर रखते हुए, वनखण्ड मनोहरपुरा की दक्षिणी सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड मनोहरपुरा की दक्षिणी सीमा के सहारे–सहारे वनखण्ड अमझार–बी को बाहर करते हुए वनखण्ड अमझार–ए के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड अमझार–ए की दक्षिणी–पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे तथा उक्त वनखण्ड को सम्मिलित करते हुए, वनखण्ड मनोहरपुरा की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड मनोहरपुरा की दक्षिणी सीमा के सहारे–सहारे ग्राम घाटोली तक। तत्पश्चात वन खण्ड घाटोली की दक्षिणी सीमा के सहारे–सहारे तथा उसे सम्मिलित करते हुए, वनखण्ड बुर्जवाली चौकी, काला कोट, नीम का खेडा, एवं कोलीपुरा की दक्षिणी–पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे उक्त वन खण्डो को सम्मिलित करते हुऐ जो मुकन्दरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान की सीमा भी है तक। तत्पश्चात कोलीपुरा ग्राम के राजस्व क्षेत्र एवं रूपपुरा के राजस्व क्षेत्र को सम्मिलित करते हुऐ, कोलीपुरा–रावत भाटा मार्ग के साथ–साथ वन खण्ड कान्या तालाब के कोलीपुरा–रावतभाटा मार्ग के दायीं ओर के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुऐ, कान्या तालाब के कम्पार्टमेंट न. 1 तथा थोलनपुर की पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे, कोटा, चित्तौड़गढ़ तथा बून्दी जिले की सीमाओं के मिलान बिन्दु तक, कोटा, चित्तौड़गढ़ तथा बून्दी जिले की सीमाओं के मिलान बिन्दु से चम्बल नदी के उत्तरी छोर पर वनखण्ड पीर मगरा की निकटतम सीमा के मिलान बिन्दु तक, तत्पश्चात वन खण्ड पीरमगरा की दक्षिणी सीमा के सहारे–सहारे, उक्त वनखण्ड को सम्मिलित करते हुए, वन खण्ड बालापुरा की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड बालापुरा की दक्षिणी सीमा के सहारे–सहारे, उक्त वनखण्ड को सम्मिलित करते हुऐ, पीरमगरा वनखण्ड की बाहरी सीमा के मिलान बिन्दु

तक। तत्पश्चात पीरमगरा वन खण्ड की दक्षिणी सीमा के सहारे–सहारे, वन खण्ड मदार चौक के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड मदार चोक की बाहरी सीमा के साथ–साथ तथा उक्त वन खण्ड को सम्मिलित करते हुऐ, वन खण्ड भैंसरोडगढ़ पार्ट–ए के मिलान बिन्दू तक। तत्पश्चात वन खण्ड भैंसरोडगढ़ पार्ट–ए की बाहरी सीमा के सहारे–सहारे उक्त वनखण्ड को सम्मिलित करते हुऐ तथा वन खण्ड भैंसरोडगढ़ पार्ट–बी को बाहर रखते हुऐ भैंसरोडगढ़ से श्रीपुरा–लोटियाना जाने वाली सड़क के सहारे–सहारे, वन खण्ड पीरमगरा के कम्पार्टमेंट न. 23,27 व 28 (आंशिक) को बाहर करते हुऐ, कम्पार्टमेन्ट संख्या 28 की पश्चिमी सीमा के उक्त सड़क के उत्तर मे स्थित मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात पीर मंगरा वन खण्ड की बाहरी सीमा के सहारे–सहारे वन खण्ड खालगांव ए–बी के मिलान बिन्दु तक।

**पश्चिमी सीमा :–**

वनखण्ड पीरमगरा तथा वनखण्ड खालगांव ए–बी के दक्षिणी सीमाओं के मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर वनखण्ड पीरमगरा की पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे वन खण्ड खाल गांव ए–बी को बाहर करते हुऐ नोसेरा घाटे तक। तत्पश्चात नोसेरा घाटे से वन खण्ड गुडाराजपुरा की पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे एवं उक्त वन खण्ड की सीमा के एरू नदी के मिलान बिन्दु तक, तत्पश्चात एरू नदी के उत्तरी छोर पर स्थित वनखण्ड अम्बा रानी की सीमा के मिलान बिन्दु तक।

**अनुसूची–II (ब)**

**(मुकन्दरा हिल्स व्याघ्र आरक्षिति के मध्यवर्ती क्षेत्र का सीमा विवरण)**

**खण्ड 1 :–**

वनखण्ड मशालपुरा–बी एवं वनखण्ड लक्ष्मीपुरा के मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर वनखण्ड मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेंट संख्या 62 की दक्षिण–पूर्वी सीमा के सहारे–सहारे आहू नदी के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात आहू नदी के सहारे–सहारे काली सिंध नदी के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात काली सिंध नदी के किनारे–किनारे वनखण्ड मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेन्ट नं. 57 के मिलान बिन्दु तक। काली सिंध नदी तथा कम्पार्टमेन्ट नं. 57 की दक्षिण–पश्चिमी सीमा के मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर उक्त वनखण्ड की दक्षिण–पश्चिमी के सहारे–सहारे, कम्पार्टमेन्ट संख्या 63, 58 व 59 की बाहरी दक्षिण–पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे, कम्पार्टमेन्ट सं. 61 के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात कम्पार्टमेन्ट नं. 61 व 62 की पूर्वी सीमा के सहारे–सहारे वनखण्ड लक्ष्मीपुरा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात कम्पार्टमेन्ट सं. 62 की दक्षिणी–पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे आहू नदी के मिलान बिन्दु तक, जो कि मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व के क्रिटीकल टाईगर हैबीटाट क्षेत्र की सीमा भी है, तक। वनखण्ड लक्ष्मीपुरा तथा राजस्व क्षेत्र ग्राम लक्ष्मीपुरा उर्फ प्रेमपुरा, नोलाव, कोथला घाटी एवं गागरोन को सम्मिलित करते हुए।

**खण्ड 2 :–**

वनखण्ड मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेन्ट 56 की उत्तरी सीमा तथा काली सिंध के मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर राजस्व क्षेत्र राजपुरा को बाहर करते हुए तथा वनखण्ड मशालपुरा–बी की पूर्वी सीमा के सहारे–सहारे, कम्पार्टमेन्ट संख्या 31 व काली सिंध नदी के किनारे पर मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड मशालपुरा–बी की पूर्वी व

उत्तरी सीमा के सहारे–सहारे वनखण्ड मशालपुरा–बी को सम्मिलित करते हुए, वनखण्ड मशालपुरा–ए की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड मशालपुरा–ए की उत्तरी सीमा के सहारे–सहारे तथा उक्त वनखण्ड को सम्मिलित करते हुए, ग्राम मोरू कला गांव को बाहर करते हुए, वनखण्ड दरा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड दरा की सीमा के सहारे–सहारे मशालपुरा–ए के कम्पार्टमेन्ट सं. 50 की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात मशालपुरा–ए के कम्पार्टमेन्ट संख्या 50,51,52,53,54 तथा वनखण्ड मशालपुरा–बी के कम्पार्टमेन्ट नं. 49,50,53,55 तथा 56 की उत्तर–पूर्वी सीमाओं के सहारे–सहारे, उक्त कम्पार्टमेन्टों को बाहर करते हुए, कम्पार्टमेन्ट सं. 56 तथा काली सिंध नदी के किनारे स्थित मिलान बिन्दु तक। जो कि मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व के क्रिटीकल टाईगर हैबीटाट क्षेत्र की सीमा भी है, तक।

खण्ड 3 :–

वनखण्ड दामोदरपुरा से लगे वनखण्ड डोलिया के कम्पार्टमेन्ट संख्या 57 की बाहरी सीमा से प्रारम्भ होकर कम्पार्टमेन्ट सं. 58,59,51,37,35,33,32,31,48,46 की बाहरी सीमा के सहारे–सहारे तथा उक्त सीमा के अन्तर्गत आने वाले कम्पार्टमेन्टों को सम्मिलित करते हुए, वनखण्ड डोलिया के कम्पार्टमेन्ट संख्या 71 की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड डोलिया के कम्पार्टमेन्ट संख्या 46 की पश्चिमी सीमा तथा कम्पार्टमेन्ट सं. 71 की उत्तरी सीमाओं के मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर, कम्पार्टमेन्ट संख्या 71,70,68,61 की उत्तरी सीमा पर होते हुए, तथा उक्त कम्पार्टमेन्टों को बाहर करते हुए, वनखण्ड दमोदरपुरा की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड दमोदरपुरा की उत्तर–पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे वनखण्ड डोलिया के कम्पार्टमेन्ट संख्या 57 के मिलान बिन्दु तक, जो कि मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व के क्रिटीकल टाईगर हैबीटाट की सीमा भी है। उक्त सीमा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम जसपुरा, रेल (गैर आबाद), केशोपुरा तथा मन्दरगढ़ की राजस्व क्षेत्र भी सम्मिलित है।

खण्ड 4 :–

वनखण्ड फूटा के कम्पार्टमेन्ट संख्या 31,30,29,28,19,15,13,12,7,20,21 एवं 22 की बाहरी सीमा के सहारे–सहारे तथा इस सीमा के अन्तर्गत आने वाले कम्पार्टमेन्टों को सम्मिलित करते हुए वनखण्ड राड़ी ढंड के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड राड़ी ढंड की बाहरी दक्षिण–पूर्वी तथा पूर्वी–उत्तरी सीमा के सहारे–सहारे तथा उक्त वनखण्ड को सम्मिलित करते हुए वनखण्ड लोह डूंगरी के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड लोह डूंगरी की सीमा के सहारे–सहारे गैपरनाथ के नाले तक। तत्पश्चात गैपरनाथ के नाले से राष्ट्रीय घड़ियाल अभयारण्य की सीमा के सहारे–सहारे वनखण्ड बोराबास की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड बोराबास की सीमा के सहारे–सहारे वनखण्ड चांदबावड़ी के मिलान बिन्दु तक। ग्राम बोराबास एवं उसके राजस्व क्षेत्र को बाहर करते हुए, तत्पश्चात वनखण्ड चांद बावड़ी की बाहरी सीमा के सहारे–सहारे वन खण्ड फूटा के कम्पार्टमेन्ट नं. 23 की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात कम्पार्टमेन्ट सं. 23 की दक्षिण–पूर्वी सीमा के सहारे–सहारे कम्पार्टमेन्ट को बाहर करते हुए वनखण्ड चांद बावड़ी की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड चांद बावड़ी की सीमा के सहारे–सहारे वनखण्ड फूटा के कम्पार्टमेन्ट सं. 32 की सीमा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात उक्त कम्पार्टमेन्ट की दक्षिण–पूर्वी सीमा के सहारे–सहारे तथा उक्त कम्पार्टमेन्ट को बाहर करते

हुए ग्राम चांद बावड़ी की राजस्व सीमा के मिलान बिन्दु तक, जो कि मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व के क्रिटीकल टाईगर हैबीटाट की सीमा भी है। तत्पश्चात ग्राम चांद बावड़ी एवं हरी पुरा ग्राम के राजस्व क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए कम्पार्टमेन्ट सं. 31 के प्रारम्भिक मिलान बिन्दु तक।

खण्ड 5 :–

वन खण्ड खालगांव ए–बी तथा वनखण्ड पीरमगरा के उत्तर–पश्चिम दिशा में स्थित मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर वन खण्ड खालगांव ए–बी पश्चिमी की सीमा के सहारे–सहारे वन खण्ड भुजर के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड भुजर के कम्पार्टमेंट संख्या 12b की सीमा पर होते हुये तथा कम्पार्टमेंट संख्या 12a के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात जवाहर सागर अभयारण्य की पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे वनखण्ड श्रीपुरा–बी के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड श्रीपुरा–बी की पश्चिमी सीमा से प्रारम्भ होकर तथा राजस्व क्षेत्र को बाहर करते हुये वनखण्ड भुजर के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड श्रीपुरा–सी के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड श्रीपुरा–सी की सीमा पर चलते हुये तथा उक्त वन खण्ड को सम्मिलित करते हुये वन खण्ड खाल गांव ए–बी के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड खाल गांव ए–बी की दक्षिण–पूर्वी सीमा पर चलते हुये वनखण्ड पीरमगरा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड खाल गांव ए–बी की सीमा पर चलते हुये वनखण्ड पीरमगरा के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड खाल गांव ए–बी की सीमा पर चलते हुये प्रारम्भिक बिन्दु तक जो कि वनखण्ड ए–बी तथा वन खण्ड पीरमगरा की कोमन सीमा तथा मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व के क्रिटिकल हैबिटाट क्षेत्र की सीमा भी है, तक।

खण्ड 6 :–

वनखण्ड श्रीपुरा ए,बी,सी का पार्ट–ए की पश्चिमी सीमा तथा बहामणी नदी के मिलान बिन्दु से प्रारम्भ होकर उक्त वनखण्ड की सीमा के सहारे–सहारे तथा उक्त वनखण्ड को सम्मिलित करते हुए।

खण्ड 7 :–

लोटियाना–भैंसरोडगढ़ सड़क के दक्षिण में वनखण्ड–पीरमगरा के कम्पार्टमेंट संख्या 28 की सीमा पर चलते हुये कम्पार्टमेंट संख्या 27 व 23 की दक्षिणी सीमा पर चलते हुये तथा इन्हें सम्मिलित करते हुये वनखण्ड भैंसरोडगढ़–बी के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वनखण्ड भैंसरोडगढ़–बी की सीमा पर चलते हुये कम्पार्टमेंट–23 के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात कम्पार्टमेंट संख्या 23 व 27 की सीमा पर सड़क के किनारे–किनारे चलते हुये कम्पार्टमेंट संख्या 28 की सीमा के प्रारम्भिक बिन्दु तक जो कि मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिज़र्व के क्रिटिकल टाईगर हैबिटाट की सीमा भी है, तक।

खण्ड 8 :–

रावतभाटा से बोराबास जाने वाली सड़क के दक्षिण में स्थित वनखण्ड–कान्या तालाब के कम्पार्टमेंट संख्या–1 की सीमा से प्रारम्भ होकर उक्त वन खण्ड की सीमा पर चलते हुये तथा उक्त वन खण्ड को सम्मिलित करते हुये वन खण्ड कालाकोट के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात वन खण्ड कान्या तालाब तथा वन खण्ड

कालाकोट, नीम का खेड़ा तथा कोलीपुरा की कॉमन सीमा पर चलते हुये रावतभाटा–बोराबास सड़क तक तथा उक्त सड़क के दक्षिणी किनारे के सहारे–सहारे चलते हुये प्रारम्भिक बिन्दु तक जो कि मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिज़र्व के क्रिटिकल हैबिटाट क्षेत्र की सीमा भी है, तक।

खण्ड 9 :–

दरा–झालावाड़ सड़क के किनारे वनखण्ड अमझार–बी की सीमा से प्रारम्भ होकर उक्त वन खण्ड की सीमा पर झालावाड़–दरा मार्ग के सहारे–सहारे दरा–घाटोली मार्ग के मिलान बिन्दु तक। तत्पश्चात उक्त वन खण्ड की सीमा पर, मार्ग दरा–घाटोली के सहारे–सहारे जो वन खण्ड मनोहरपुरा की सीमा भी है तथा मुकन्दरा हिल्स टाईगर रिज़र्व के क्रिटिकल हैबिटाट की सीमा भी है, तक। तत्पश्चात वन खण्ड अमझार–बी की सीमा पर चलते हुये तथा उक्त वन खण्ड को सम्मिलित करते हुये प्रारम्भिक बिन्दु तक।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(सी.एस. राजनासामी)
शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख सचिव, महामहिम राज्यपाल महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त विशिष्ट सहायक / निजी सचिव / मंत्रीगण / राज्य मंत्रीगण, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
5. समस्त अति0 मुख्य सचिव / प्रमुख शासन सचिव / शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
6. पुलिस महानिदेशक, राजस्थान, जयपुर।
7. सचिव, राजस्थान विधानसभाग, जयपुर।
8. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एच.ओ.एफ.एफ.) राजस्थान, जयपुर।
9. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्य आयोजना एवं वन बंदोबस्त, राजस्थान, जयपुर।
10. अति॰ प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, राजस्थान, जयपुर।
11. सम्भागीय आयुक्त, कोटा / उदयपुर।
12. जिला कलेक्टर, कोटा / चित्तौड़गढ़ / झालावाड़ / बून्दी
13. सम्भागीय मुख्य वन संरक्षक, कोटा / उदयपुर ।
14. मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव कोटा ।
15. उप वन संरक्षक, वन्यजीव, कोटा / चित्तौडगढ़।
16. उप वन संरक्षक, कोटा / बून्दी / चित्तौड़गढ़ / झालावाड़ ।
17. संसदीय कार्य विभाग।

250

18. अधीक्षक, राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर को मय सी0डी0 के प्रेषित कर निवेदन है कि राजपत्र के असाधारण विशेषांक के प्रकाशनोपरान्त राजपत्र की 25–25 प्रतियां इस विभाग को शीघ्र भिजवाने की व्यवस्था करावें।

शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को भी सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, सी0जी0ओ0 कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली।
2. सदस्य सचिव, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार, एनेक्सी – B-5, बीकानेर हाऊस, शाहजहां रोड़, नई दिल्ली।
3. महानिरींक्षक, वन्य जीव, भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, वन एवं वन्य जीव विभाग, नई दिल्ली।
4. निदेशक, भारतीय वन्य जीव संस्थान, पो0बो0 नं. 18 चन्द्रबनी, देहरादून।

शासन सचिव